C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:14 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:44 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 141 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 24 नवंबर 2025



बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### मुखानी अनुभव गार्डन की पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र अंतर्गत एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। चंदन विहार, अमृताश्रम उँचापुल निवासी दिनेश विष्ट पुत्र बच्ची सिंह बिष्ट जो पेशे से इलेक्ट्रिशियन हैं ने अपने वाहन की चोरी की तहरीर थाने में दी है।

पीड़ित के अनुसार वह 16 नवम्बर की रात लगभग 10 बजे वह कमलुआगांजा स्थित अनुभव गार्डन में एक वैवाहिक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल गार्डन की पार्किंग में खड़ी की थी। कार्यक्रम के दौरान ही अज्ञात व्यक्ति पार्किंग से उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि घटना की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उनके पास उपलब्ध है। कार्यगत व्यस्तता के कारण वह पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। पीड़ित ने थाना पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आटा चक्की का ताला तोड़ बाइक समेत कई सामान गायब

**हल्द्वानी।** थाना चोरगलिया क्षेत्र अंतर्गत तल्ला पचौंनिया में बीती रात चोरों ने आटा चक्की पर धावा बोल कर बाइक और अन्य सामान पार कर लिया।

ग्राम निवासी माधवा नन्द पनेरु, जिनकी पनेरु आटा चक्की के नाम से आटा चक्की संचालित है, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 नवम्बर की रात लगभग 12 बजे अज्ञात चोरों ने उनकी चक्की का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। चोर चक्की के अंदर खड़ी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलके साथ ही एक गलैंडर तथा चावल और आटे के दो-दो कट्टे (अनुमानित वजन 25-30 किलोग्राम प्रति कट्टा) चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

# युद्धपोत आईएनएस माहे की जलावतरण, नौसेना को मिला मौन शिकारी

मुंबई | एजेंसी

मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में माहे-श्रेणी का पहला स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धक पोत आज नौसेना में शामिल हो गया। कोचीन शिपयार्ड में निर्मित इस श्रेणी के आठ पनडुब्बी रोधी पोत नौसेना के बेड़े में शामिल होने हैं, जिनमें से यह पहला पोत है। नौसेना ने इसे मौन शिकारी नाम दिया है। भारतीय नौसेना ने सोमवार को आईएनएस माहे को जलावतरण किया, जो माहे-क्लास का पहला पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जलयान (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) है, जिससे इसकी लड़ाकू ताकत बढ़ने



की उम्मीद है। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की तरफ से आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की है। माहे का जलावतरण स्वदेशी उथले पानी के लड़ाकू विमानों की एक नई पीढ़ी के आगमन का प्रतीक है- आकर्षक, तेज और पूरी तरह से भारतीय। 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ, माहे-श्रेणी युद्धपोत डिजाइन, निर्माण और एकीकरण में भारत की बढ़ती महारत को दर्शाता है। आईएनएस माहे पश्चिमी समुद्र तट पर एक साइलेंट हंटर के रूप में काम करेगी - जो आत्मनिर्भरता से प्रेरित होगी और भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित होगी। माहे को उथले पानी में पनडुब्बियों की खोज कर उन्हें नष्ट करने, तटीय निगरानी करने और समुद्री सीमाओं की सुरक्षा जैसे अभियानों के लिए बनाया गया है। यह पोत अपनी फायरपावर, स्टील्थ तकनीक और गतिशीलता के कारण तटीय सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। आकार में कॉम्पैक्ट लेकिन क्षमताओं में बेहद शक्तिशाली माहे तटीय क्षेत्रों में चपलता, सटीकता और लंबी परिचालन क्षमता का प्रतीक है।

### देश चैन से सोएगा क्योंकि आप जागते रहेंगे- थलसेनाध्यक्ष

मुंबई में भारतीय नौसेना के नए युद्धपोत आईएनएस माहे के भव्य कमीशनिंग समारोह में थलसेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि यह अवसर न सिर्फ गर्व का है, बल्कि देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और समुद्री शक्ति का सशक्त प्रतीक भी है। उन्होंने सबसे पहले जहाज के कमांडिंग ऑफिसर और पूरी टीम को ब्रावो जूलू कहते हुए शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

### हमलावर मुख्यालय में घुसने की कोशिश करने लगा

# पाक अर्धसैनिक बल मुख्यालय पर धमाके, हमले में तीन जवानों की मौत

नई दिल्ली | एजेंसी

पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को संघीय पुलिस दल (कॉन्स्टेबुलरी) के मुख्यालय पर हमला हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्यालय के पास कई धमाकों की आवाज सुनी गई, जिसके बाद इलाके को खाली करा लिया गया है।

पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इस हमले में शामिल आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया गया है। इस घटना में पुलिस दल के तीन जवानों की मौत हुई है। इसके अलावा दो घायल हुए हैं। पाकिस्तान की द डॉन वेबसाइट के मुताबिक, हमला सुबह करीब 8 बजे सद्दार-कोहत सड़क पर हुआ। पहले एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को मुख्यालय के गेट पर ही उड़ा लिया। इसके बाद कुछ फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं। इस दौरान एक और हमलावर मुख्यालय में घुसने की कोशिश करने लगा। हालांकि, उसे



सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और राहत-बचाव अभियान शुरू किया। इस बीच पेशावर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल लेडी रीडिंग हॉस्पिटल में आपातकाल घोषित कर दिया गया। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि छह घायलों को को लाया गया है, जिनकी हालत स्थिर है।

बताया गया है कि जिस संघीय पुलिस दल पर हमला हुआ है, उसे नागरिक अर्धसैनिक बल है, जिसे पहले फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी कहा जाता था। इसी साल जुलाई में शहबाज शरीफ की सरकार ने इसका नाम फेडरल कॉन्स्टेबुलरी रखा था। पेशावर में जिस जगह पर इसका मुख्यालय है, वह जगह काफी भीड़भाड़ वाले इलाके में है। साथ ही सैन्य छावनी भी यहां से काफी नजदीक है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में बीते कुछ वर्षों में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में। इन हमलों में बढ़ोतरी की मुख्य वजह आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ पाकिस्तान सरकार का शांति समझौता टूटना रहा है।

# प्रदूषण के खिलाफ विरोध में इंडिया गेट पर लगे मारे गये नक्सली हिडमा के नारे

नई दिल्ली | एजेंसी

इंडिया गेट पर युवा प्रदर्शनकारी अपने साथ हिडमा के नाम लिखी तख्तियां और पोस्टर लेकर आये थे। प्रदर्शनकारी व्यवस्था से नाराज थे और उसे बदलने की आवाज उठा रहे थे।

दिल्ली में इंडिया गेट पर उस समय हालात असामान्य हो गये जब वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए किया गया विरोध-प्रदर्शन मारे गये नक्सली कमांडर %हिडमा अमर रहे% के नारों से गूंज उठा। इंडिया गेट पर युवा प्रदर्शनकारी अपने साथ हिडमा के नाम लिखी तख्तियां और पोस्टर लेकर आये थे। प्रदर्शनकारी व्यवस्था से नाराज थे और उसे बदलने की आवाज उठा रहे थे। मगर आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर पैपर स्प्रे कर दिया, जिससे तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी का राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने पुलिसकर्मियों पर हमला करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस ने 15 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 4.30 बजे कुछ प्रदर्शनकारी इंडिया गेट के सी-हेक्सागन जमा हुए। वह वायु गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट को लेकर विरोध जता रहे थे। कुछ देर बाद प्रदर्शन करने वाले नक्सली हिडमा के पक्ष में नारेबाजी करने लगे। वहां मौजूद पुलिस टीम ने उन्हें वहां से हटने का निर्देश दिया, लेकिन उन्होंने पुलिस के निर्देश का पालन नहीं किया और नारेबाजी करते रहे। उसके बाद पुलिस प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने लगी। आरोप है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करने लगे, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई और पुलिस और प्रदर्शनकारी के बीच हल्की झड़प हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पेपर स्प्रे किए जाने से तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।



# भारत के 53वें सीजेआई बने हरियाणा के जस्टिस सूर्यकांत

नई दिल्ली | हमारे संवाददाता

देश की राजधानी से करीब 136 किलोमीटर दूर स्थित हरियाणा के हिसार जिले के छोटे-से गांव पेटवाड़ में एक तपती दोपहर में गेहूं की फसल की मड़ाई चल रही थी।

धूप की तपिश में पसीने से तरबतर एक दुबला-पतला किशोर अपने भाइयों के साथ मेहनत करने में मशगूल था। अचानक उसने थ्रेशर मशीन बंद कर दी, आसमान की ओर देखा और बुलंद आवाज में कहा कि मैं अपनी जिंदगी को बदल दूंगा। वह बस मैट्रिक पास एक साधारण-सा लड़का था। उस वक्त किसी को यह अंदाजा नहीं था कि सरकारी स्कूल में



बोरी पर बैठने वाला वही तालिब-ए-इल्म, एक दिन अदालती इंसाफ का चेहरा बनकर लोगों को न्याय दिलाने का काम करेगा। उस बच्चे का नाम था सूर्यकांत, जिन्होंने आज भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के तौर पर शपथ ले ली है। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर, 2025 से 9 फरवरी, 2027 तक लगभग 15 महीने देश की सर्वोच्च अदालत का नेतृत्व करेंगे।

जस्टिस सूर्यकांत ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से 1984 में कानून की डिग्री हासिल की।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च एकता पदयात्रा

रुद्रपुर | हमारे संवाददाता

किच्छा विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वी जयंती पर कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई यूनिटी मार्च एकता पदयात्रा में जनसैलाब उमड़ा। एकता पदयात्रा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें शामिल हजारों लोग हाथ में तिरंगा लिए थे। रविवार सुबह 10-30 बजे आवाज विकास किच्छा स्थित पटेल जी की प्रतिमा पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदयात्रा की शुरुआत हुई। पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम सयोजक राजेश शुक्ला ने सरदार वल्लभभाई पटेल को आधुनिक भारत का निर्माता कहा, उन्होंने कहा



कि यदि सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लोह पुरुष हमारे देश में पैदा नहीं हुए होते तो इतनी कुर्बानीयो के बाद आजाद हुआ भारत 500 से अधिक टुकड़ों में बट गया होता। उन्होंने अपने फौलादी व्यक्तित्व एवं दूरदर्शिता से इस 500 से अधिक रियासत को हिंदुस्तान में मिलाकर जो काम किया है उससे यह साबित हुआ कि सच मायने में भारत रत्न थे।

किच्छा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल को सच्चा सम्मान एवं उनके सपनों का भारत बनाने का काम सच्चे अर्थों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया जब धारा 370 को हटाया गया।

पंतनगर मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के प्रबल पक्षधर थे ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम ने कहा कि राष्ट्र की एकता के प्रबल पक्षधर सरदार वल्लभभाई पटेल जात-पात एवं छुआछूत के घोर विरोधी थे, वे मानते थे कि पिछड़ो एवं दलितों को ताकतवर बनाए बिना हम राष्ट्र के एकीकरण की भावना को मजबूत नहीं कर सकते। नगला नगर पालिकाध्यक्ष सचिन शुक्ला ने कहा कि राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि मानने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपना जीवन राष्ट्र को अर्पित किया। 530 रियासतों को एक कर एक विशाल एवं सशक्त भारत की नींव रखी। सभा का संचालन... ...शेष पेज 4 पर

# पूर्व सीएम मुलायम सिंह की 87 वीं जयन्ती संकल्प दिवस के रूप में मनाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षा मन्त्री व उ0-प्र0 के 3 बार के मुख्य मन्त्री रहे मुलायम सिंह यादव की 87 वीं जयन्ती उत्तराखाण्ड सपा. प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी के कार्यालय 17- आज़ाद नगर पर संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता एकत्र हुए।

सर्वप्रथम सपा उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने अपने तमाम सपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रंधजलि अर्पित की तदुपरांत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा जुदा है अभी तक वो खुद अपनी विरासत में, आते है नज़र हमको वो अखिलेश की सूरत में,रोशन है सभी जिससे वो ऐसे उजाले थे, था नाम मुलायम सिंह वो सबसे निराले थे, हिन्दुओं के वो प्यारे थे, मुस्लिमों के वो दुलारे थे। आगे सिद्दीकी ने कहा कि माननीय मुलायम सिंह यादव जैसा नेता सदियों में एक-आद ही पैदा होता है।उन्होंने कहा माननीय मुलायम सिंह यादव जी के जीवन में जितनी उपाधि मिली है।

आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या नेता को नहीं मिली है।नेता की मुख्य उपाधि नेता ही थी। सुभाष चन्द्र बौस के बाद नेता की उपाधि सिर्फ़ माश मुलायम सिंह यादव जी को ही मिली है। इस के अतिरिक्त धरती पुत्र, व जिसका जलवा क़ायम है उसका नाम मुलायम है। सहित कई उपाधियों से उन्हें नवाज़ा गया। सिद्दीक़ी ने कहा नेता उत्तराखण्ड के सबसे बड़े हितेषी थे।

उन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में पिथौरागढ़ हवाई पट्टी पर्वतीय क्षेत्रों के दुर्गम इलाक़ों में पाठशालाओं के साथ-साथ पीने के पानी के लिए जगह-जगह हैंड पम्पों का निर्माण व पर्वतीय इलाको की समस्याओं को देखते हुए अपनी सरकार में अलग से पर्वतीय विकास मंत्रालय का गठन करने के साथ-साथ उत्तराखण्ड की भौगोलिक व आर्थिक एवं बेरोज़गारी की समस्याओं को देखते हुए अलग उत्तराखण्ड राज्य बनाने के लिए कोशिक समिति का गठन करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों से अलग उत्तराखण्ड राज्य बनाने का प्रस्ताव पास करा कर केन्द्र सरकार को भेजा था।इसके अतिरिक्त भी नेता जी उत्तराखण्ड की भौगोलिक -आर्थिक व बेरोज़गारी को देखते हुए उ0 प्र0 में पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को उ0 प्र0 की जनसंख्या का 2 प्रतिशत आरक्षण देना चाहते थे।जबकि पर्वतीय क्षेत्र में उ0 प्र0 की 4 प्रतिशत आबादी थी।

जिसमें उत्तराखण्ड के 50 प्रतिशत लोगों को आरक्षण का लाभ मिलता लेकिन यहाँ की तथाकथित पार्टियों ने उसका विरोध कर यहाँ के युवाओं का भारी नुक़सान किया है।इसी के साथ ही रक्षा मंत्री रहते हुए नेता जी ने हमेशा सेना का तो मनोबल बढ़ाया साथ ही शहीद सेनिको के शवों को सम्मान से उनके घर भिजवाने के साथ-साथ राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार व उनके परिवार की जीविका व बच्चों की पड़ायी आदि की भी पूरी व्यवस्था की थी। जो देश के लिए एक ऐतिहासिक व गर्व वाला फ़ैसला था।श्री सिद्दीक़ी ने कहा कि माश मुलायम सिंह जी किसानों,व्यापारियों ,छात्रों, कर्मचारियों, दलितों , पिछड़ों,व अल्पसंख्यकों के सबसे बड़े हितेषी थे।हर वर्ग उनके निर्णों से प्रसन्न रहता था।आज माननीय अखिलेश यादव जी उनके कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ आगे लेकर चल रहे हैं। और जनता का उनेह भरपूर प्यार मिल रहा है। इसी का नतीजा है । कि आज समाजवादी पार्टी देश की तीसरे नम्बर की बड़ी पार्टी बन गई है।अन्त में श्री सिद्दीक़ी ने कहा माननीय मुलायम सिंह यादव जी को सच्ची श्रंधाजलि यही होगी कि हम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए । माननीय अखिलेश यादव जी के हाथों को मज़बूत करें। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से जावेद सिद्दीकी ,जावेद मिकरानी,अलीम अंसारी, उमैर मतीन,रेहान मलिक,अरशद अय्यूब, नईम सलमानी, इस्लाम सिद्दीकी, संजय गुप्ता, इस्लाम मिकरानी, आसिम सिद्दीक़ी,नासिर हुसैन,अनवर हुसैन, दीपक अग्रवाल,कलीम टोनी, वक़ार अहमद, समीर मिकरानी, आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद ताज़ीम, शकील अंसारी,एडवोकेट जावेद अहमद, बबलू सिद्दीकी,रेहान क़ुरैशी,मेराज ख़ान ,फ़रहत इमरान मिकरानी। अथर ख़ान,मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद,मो. खालिद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आस्था ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व किया पौधरोपण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 496 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 496वें दिन विवाह समारोह को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए हल्द्वानी में साकेत कॉलोनी स्थित प्रभागीय वनाधिकारी बलवंत सिंह शाही के आवास परिसर में प्रभागीय वनाधिकारी बलवंत शाही व मंजुला शाही की पुत्री आस्था ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत माता पिता के आशीर्वाद के साथ पौधारोपण किया । आस्था ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर एक पौधा अवश्य लगाएंगी। बलवंत शाही ने कहा कि पौधारोपण करना प्रकृति की सच्ची सेवा है। उन्होंने दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाए गए अभियान की सराहना की। मंजुला शाही ने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम से सभी को जुडना चाहिए ।कार्यक्रम में दीवान शाही, विजेंद्र मेहता, बहादुर सिंह शाही, तरबीन पोखरिया, भागीरथी सेमिया, दीक्षा मेहता, गीता जीना, राजू जीना, कमला पोखरिया तथा वेदिका उपस्थित रहे।

# सत्य साईं बाबा के 1000वें जन्मोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सत्य साईं संगठन द्वारा रविवार को सेवा समिति हॉल मल्लीताल में सत्य साईं बाबा के 1000वें जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए ।

कार्यक्रम में सबसे पहले 21 बार ओंकारम पाठ हुआ फि र अष्टोत्तर के बाद हवन यज्ञ किया गया और फि र भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। अपराह्न एक बजे महाआरती के बाद केक सेरेमनी और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल जबकि विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या, संयोजक अल्पना साह, उप संयोजक दिनेश चंद्र भट्ट, जिला अध्यक्ष के.एस. नेगी समेत ज्योति साह, लीला चन्दोला, दिव्या साह, देवकी साह, गीता साह, अनीता वर्मा, अक्षिता साह, ममता भट्ट, अनुराधा चंद, सीमा पाण्डे, आरती अग्रवाल, नुपुर नेगी, अमिता साह, दीपा मुनगली, मंजू पाण्डे, डौली भट्टाचार्य, कमला शाह, मनोज साह, अजय पंत, ज्योति पाण्डे, गिरीश काण्डपाल, प्रो. पद्म एस बिष्ट, नवीन पाण्डे, सरदार सुखविन्दर सिंह, रोहित तिवारी, यश केशले, नितिन साह तथा पंकज टंडन, भारती पांडे, शिवांग साह तथा सत्यम भट्ट आदि रहे।



नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# चतुर्थ नैनीताल कप ओपन टैनिस प्रतियोगिता संपन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल में चतुर्थ नैनीताल कप ओपन टैनिस प्रतियोगिता में शिवेश्वर राज सिंह की टीम ने पूरन सिंह बिष्ट की टीम को मात देकर ट्रॉफ ी पर कब्जा किया। इस दौरान मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा कि युवाओं और बच्चों को खेल से जोड़ो।

बता दें नैनीताल के प्रतिष्ठित न्यू कलब के कोर्ट में चतुर्थ ओपन टैनिस प्रतियोगिता अयोजित हुई। प्रतियोगिता का रविवार को फ इनल खेला गया। प्रतियोगिता के फ इनल में शिवेश्वर सिंह और पूरन सिंह बिष्ट की टीमें भिड़ी। प्रतियोगिता में नैनीताल और हल्द्वानी की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक टीम में 6 सदस्य मौजूद थे।

फ इनल मैच में शिवेश्वर सिंह की टीम ने पूरन सिंह बिष्ट की टीम को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से पराजित किया। टीम इवेंट के निर्णायक मैच में टीम शिवेश्वर और राजेंद्र की जोड़ी ने पूरन और वीरेंद्र की जोड़ी को 6-4 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले की मुखय अतिथि नैनीताल नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया। उन्होंने खिलाड़ियों तथा आयोजकों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय स्तर पर नई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा। ये बच्चे आगे चलकर नगर का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों समेत युवाओं को अन्य खेलों की भांति इस खेल में भी रुचि दिखाने को कहा। उत्तराखंड टैनिस एसोसिएशन के महासचिव सुमित गोयल और उपाध्यक्ष डी.एस.रावत ने प्रतियोगिता के सफ ल आयोजन के लिए न्यू कलब और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन प्रत्येक वर्ष समय समय पर होने चाहिए। इस मौके पर कलब के सचिव रितेश साह समेत प्रतियोगिता के आयोजक सचिव अमर जगाती, दिग्विजय, कुंदन सिंह विष्ट, मुदित, मोहित तथा रोटरी कलब के जे.के. शर्मा, ताल चैनल की ईशा साह, कलब के सदस्य श्रीमती मोनिका साह, मालाश्री, उमेश त्रिपाठी, अंजू जगाती तथा गिरीश साह व मृणाल आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक योगेश साह और सुमित गोयल थे।

## NEWS / फटाफट

### रवि योग में आज मनाया जाएगा मार्गशीर्ष विनायक चतुर्थी व्रत



**नैनीताल** । नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि सोमवार (आज) को रवि योग में विनायक चतुर्थी व्रत मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार विनायक चतुर्थी व्रत पर रवि योग बन रहा है। रवि योग प्रात: 6.51 बजे से बनेगा जो रात में 9 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। रवि योग में सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं। आचार्य जोशी के मुताबिक रवि योग के अलावा शूल योग बनेगा जो प्रात:काल से लेकर दोपहर 12 बजकर 37 मिनट तक रहेगा, उसके बाद से गण्ड योग बन जाएगा। चतुर्थी पर प्रात:काल पूर्वाषाढा नक्षत्र है जो रात 9 बजकर 53 मिनट तक है उसके बाद से उत्तराषाढा नक्षत्र है। इसके अतिरिक्त इस दिन भद्रा का साया रहेगा यह भद्रा प्रात: 8 बजकर 26 मिनट से लगेगी जो रात में 9 बजकर 21 मिनट तक रहेगी। इस भद्रा का वास पाताल लोक में है। यदि चंद्रोदय की बात करें तो विनायक चतुर्थी का चन्द्रोदय सुबह 10 बजकर 19 मिनट पर होगा और चंद्रास्त रात में 8 बजकर 34 मि पर होगा। अलग-अलग जगह पर चंद्रोदय का समय अलग-अलग हो सकता है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर रिटायर्ड प्रोफेसर से लाखों की ठगी

**रुद्रपुर**। ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर एक रिटायर्ड प्रोफेसर से करीब 7-50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमाऊँ परिक्षेत्र रुद्रपुर में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेंद्र सिंह पाल पुत्र ब्रह्मादीन पाल, निवासी एलायंस सिटी रुद्रपुर, जो पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय से जून 2025 में प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।ऑनलाइन जॉब की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने युनाईटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रोजेक्ट मैनेजर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। पी?त के मुताबिक 8 अगस्त 2025 को उनकी ईमेल आईडी पर उनसे कई दस्तावेज मांगे गए, जो उन्होंने उपलब्ध करा दिए। इसके बाद हांगकांग से कार्यरत बताकर एक व्यक्ति ने उन्हें संपर्क किया। पी?त के अनुसार, आरोपी ने आवास और वीजा प्रक्रिया के नाम पर पहले 4200 यूएसडी और बाद में 4700 यूएसडी एक चीनी बैंक खाते में जमा कराने को कहा। महेंद्र सिंह पाल ने पंजाब नेशनल बैंक, पंतनगर स्थित अपने खाते से कुल 8900 यूएसडी करीब 7-50 लाख रुपये दिए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी न तो वर्क वीजा मिला और न ही कोई आवश्यक दस्तावेज। जब लगातार टालमटोल की जाने लगी तो उन्हें ठगी का संदेह हुआ। इपीड़ित ने आरोप लगाया है कि अंतरराष्ट्रीय संस्था का झांसा देकर संदिग्ध खातों में भारी रकम ट्रांसफर कराई गई। उन्होंने पुलिस से ठगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उनकी रकम वापस दिलाने की मांग की है।

### गुरु तेग बहादुर के 150वें शहीदी पर्व पर हुए कई कार्यक्रम



**नैनीताल** । गुरुद्वारा साहिब में रविवार को गुरु तेग बहादुर जी की 1500वीं शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित अखंड पाठ साहिब का भोग संपन्न हुआ। इस अवसर पर जालंधर से पहुंचे संतोष सिंह के जत्थे ने कीर्तन दरबार सजाकर संगत को भाव विभोर किया। कीर्तन उपरांत गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर भी वितरित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा सभा के अध्यक्ष जोगेंदर सिंह आनंद के साथ अमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, जसमीत सिंह, गगनदीप सिंह, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसबीर कौर, जगजीत कौर, सुरेन्द्र कौर, कुलदीप कौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अभिमत

## ईमानदारी का सुख

*पहाड़ को समझना तो दूर देखना तक नहीं चाहते। क्या सिर्फ इसलिए सपनों का उत्तराखंड बनाया था? भरे मंच से कहा कि हर अफसर को केवल मलाईदार पोस्टिंग चाहिए। नौकरी लगते ही युवा मनचाही पोस्टिंग की सिफारिश लगाने लगते हैं। सारी नौकरी केवल हल्द्वानी और देहरादून में करना चाहते हैं। हर आदमी अपनी पोस्ट से पैसा कमाना चाहता है। वन क्षेत्र से अवैध कटान को मंत्री ने स्वीकार किया और कहा कि पैसों के लिए कम से कम ऐसा तो न करें। मंत्री की जिह्वा पर शायद सरस्वती उतर आई थीं।*

स्वार्थवश मनुष्य सही रास्ते को छोड़ देता है, परन्तु उसे गलती का आभास जरूर होता है। उत्तराखंड के विकास का सपना साकार नहीं होने की बात धीरे-धीरे सभी स्वीकार कर रहे हैं। राज्य के वन मंत्री ने सार्वजनिक रूप से व्यथित मन से भ्रष्टाचार में डूबी नौकरशाही को बेनकाब कर दिया। वन मंत्री ने भरे मंच से कहा है कि उत्तराखंड में अधिकारी और कर्मचारियों को केवल देहरादून और हल्द्वानी में पोस्टिंग चाहिए। पहाड़ नहीं जाना चाहते। पहाड़ को समझना तो दूर देखना तक नहीं चाहते। क्या सिर्फ इसलिए सपनों का उत्तराखंड बनाया था? हर अफसर को केवल मलाईदार पोस्टिंग चाहिए। नौकरी लगते ही युवा मनचाही पोस्टिंग की सिफारिश लगाने लगते हैं। सारी नौकरी केवल हल्द्वानी और देहरादून में करना चाहते हैं। हर आदमी अपनी पोस्ट से पैसा कमाना चाहता है। वन क्षेत्र से अवैध कटान को मंत्री ने स्वीकार किया और कहा कि पैसों के लिए कम से कम ऐसा तो न करें। मंत्री की जिह्वा पर शायद सरस्वती उतर आई थीं। दबी जुबान से तो हर नेता, अधिकारी और जन सामान्य भ्रष्टाचार को स्वीकार करता है। भ्रष्टाचार देशव्यापी समस्या है। उत्तराखंड में इसे समस्या नहीं, बल्कि कटु सत्य की तरह जीवन का अभिन्न अंग मान लिया गया है। बिना भ्रष्टाचार के देवभूमि में कोई भी कार्य असंभव है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन निगम के कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए वन मंत्री ने कहा कि ईमानदारी और मेहनत करके बोनस कमाकर देखो, भ्रष्टाचार की दौलत से कई गुना अधिक सुख देगा। जिस तरह वन मंत्री को आत्मबोध हुआ है, यदि इसी तरह हर नेता को हो तो उत्तराखंड वास्तव में देवभूमि सिर्फ कहने को न रहे। वन मंत्री की सराहना के साथ यह कहना प्रासंगिक होगा कि जनता ने उन्हें चुनाव में विजयी बनाकर इसी लिए भेजा है कि वह प्रशासन तंत्र का संचालन करें। वन माफिया पेड़ों का अवैध कटान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से करते हैं। मंत्री ने पुरोला और चकराता डिवीजन में पेड़ों के अवैध कटान को स्वीकार किया है। क्या इसके लिए उन्होंने किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की? इस प्रश्न से मंत्री की भूमिका भी संदिग्ध हो जाती है। ईमानदारी का प्रवचन देने से काम नहीं चलेगा। जब मंत्री को पता है कि वन से हजारों पेड़ अवैध रूप से काटे जा रहे हैं तो मंत्री स्वयं जंगल में जाकर वहां तैनात अधिकारी व कर्मचारी से क्षति की भरपाई करायें और सेवा समाप्त करने का साहस दिखाएं।

# नाबालिग समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार

### चोरी की तीन बाईकें बरामद, बरामद बाईकों में दो ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से चोरी की गई थी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नाबालिग समेत दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी की तीन बाईकें बरामद की। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही।

पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में लगातार हो रही बाईक चोरी की घटनाओं को रोकथाम के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही। पिछले दिनों क्षेत्र से कई बाईकें चोरी हो गई।थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप मोहन पांडे ने बताया कि 21 नवंबर को जे ब्लाक ट्रांजिट कैंप निवासी अंकित दास के घर के बाहर से चोरों ने बाइक चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी। साथ ही घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दिए थे। जिसके बाद पुलिस उनकी पहचान में जुट गई थी। रविवार सुबह सूचना मिली फुलसुंगा तिराहे पर दो संदिग्ध बाईक से कहीं जा रहे है। इस सूचना पर एसआई मनोज जलाल और एसआई पंकज महर पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देख बाईक सवार दो युवक भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने उनकी घेराबंदी कर बाईक सवार किशोर समेत दो युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम डिबडिबा बिलासपुर रामपुर निवासी आनंद पुत्र राम किशोर बताया। पूछताछ में उन्होंने अंकित दास की बाईक की चोरी की बात कबूल की। बाद में पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो बाईक और बरामद की। जिसमें एक बाईक बालाजी पुरम तीन पानी डैम निवासी रविन्द्र कुमार की है। बाद में पुलिस ने दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत किया। बताया कि कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। पुलिस टीम में एएसआई हरदेश परिहार,हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,नन्दन राम,ललित मोहन समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।



## मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक आत्म नियमन व समग्र स्वास्थ्य पर दी जानकारी

**नैनीताल।** प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान की पहल के अंतर्गत कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में युवाओं के लिए समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का विशेष आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपक पांडे, डॉ. युवराज पंत और प्रो. सरिता श्रीवास्तव रहे। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपक पांडे (पीडियाट्रिशियन एमबीबीएस एमडी कोर टीम सदस्य) तथा संकल्प संपूर्ण स्वास्थ्य राष्ट्रीय कार्यक्रम आईएपी जामनगर गुजरात ने छात्र-छात्राओं के साथ इंटरैटिव सेशन किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक आत्म नियमन, स्व.देखभाल व समग्र स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए माइंडफुलनेस के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी और व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कार्यशाला की अध्यक्ष प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक, नोडल अधिकारी प्रो. सुचि बिष्ट, कार्यशाला संयोजक प्रो. लता पांडे, कार्यशाला सह.संयोजक प्रो. छवि आर्या रही।

# साथी संगठन के स्थापना दिवस एवं बाल दिवस समारोह पर समीक्षा बैठक आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

साथी संगठन के जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संगठन की स्थापना दिवस एवं बाल दिवस समारोह के उपरांत एक समीक्षा बैठक एवं आगामी वर्ष 2026 कार्यक्रम कैलेंडर पर चर्चा हेतु संगठन के अध्यक्ष श्री आनंद सिंह भाकुनी जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर क्रियाशाला रोड पर आयोजित की गई जिसका संचालन संगठन के महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया द्वारा किया परी चर्चा में हिस्सा लेते हुए संगठन के संरक्षक श्री लीलाधर पांडे जी द्वारा संगठन के द्वारा शहर के विभिन्न बैंकट हॉल मालिकों से संपर्क कर बैंकट हॉल की दीवारों व अन्य मुख्य स्थान पर संगठन के उद्देश्य अन्य जल के संरक्षण संबंधी स्लोगन जैसे खाना लो इतना थाली मे ,जितना न जाए नाली में, आदि स्लोगन संबंधीद्य पंपलेट चश्मा किए जाएं तथा संगठन के वरिष्ठ संरक्षक श्री नंदा बल्लभ गुणवंत जी द्वारा संगठन के वार्षिक कैलेंडर में आगामी दो आंचलिक एवं राष्टीय त्योहार मकर संक्रांति एवं 26 जनवरी हेतु कार्यक्रम बनाने पर चर्चा में 14 नवंबर मकर संक्रांति पर उत्तरायण पर्व के झांकी के साथ एवं 26 जनवरी को स्कूली बच्चों के साथ झंडा रोहण पर विचार करने हेतु कार्यक्रम दिया ।



इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष श्री जगदीश सिंह खोलिया जी द्वारा वर्ष 2025 एवं स्थापना दिवस का आय व्यय विवरण सदस्यों के समक्ष विस्तार पूर्वक रखा गया सभी सदस्यों ने ध्वनि पूर्वक उसको अनुमोदित किया गया इस अवसर पर सभी सदस्यों ने माह में एक मासिक बैठक हेतु अरुणोदय धर्मशाला नवाबी रोड में स्थान तय करने पर चर्चा की तथा अरुणोदय धर्मशाला के प्रबंधक श्री जीवन सिंह रावत जी द्वारा इस संबंध में स्वीकृति प्राप्त की। एवं यह भी तय किया गया की माह में एक सप्ताह के कार्यक्रम को वार्डों की ओर थीम के अंतर्गत वार्डों में जनसंपर्क करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ तथा आगामी वर्ष 2026 हेतु वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर पर चर्चा की गई तत्पश्चात संगठन के अध्यक्ष श्री आनंद सिंह भाकुनी जी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# फिल्मी दुनिया

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला मस्ती 4 का जादू



*रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की फिल्म 'मस्ती 4' को रिलीज हुए तीन दिन हो चुके हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है। एडल्ट कॉमेडी पर आधारित 'मस्ती 4' दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरती नहीं दिख रही है। रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की तिकड़ी भले ही फ्रेंचाइजी के पिछले हिस्सों में दर्शकों को खूब हंसाती रही हो, लेकिन इस बार बॉक्स ऑफिस का हाल कुछ और ही कहानी बयान कर रहा है। रिलीज के शुरुआती तीन दिनों में फिल्म ने बेहद मामूली ग्रोथ दिखाई है। शुक्रवार को खुले कलेक्शन की शुरुआत 2.75 करोड़ रुपये से हुई, जो शनिवार को भी बिना किसी उछाल के इसी आंकड़े पर टिकी रही। रविवार को कमाई घटकर 2.11 करोड़ रुपये रह गई। इस तरह वीकेंड की कुल कमाई 7.61 करोड़ रुपये पर सिमट गई है। आमतौर पर वीकेंड का दूसरा दिन यानी शनिवार फिल्मों के लिए ग्रोथ का दिन माना जाता है, लेकिन 'मस्ती 4' के लिए यह उम्मीद पूरी नहीं हुई। दर्शकों की कमजोर प्रतिक्रिया और औसत वर्ड ऑफ माउथ की वजह से फिल्म की कमाई में किसी भी तरह की छलांग देखने को नहीं मिली।*

### कमाई का आंकड़ा

*दो दिनों में कमाई का आंकड़ा 4.01 करोड़ तक पहुंचा था और पहले वीकेंड के अंत तक यह कुल 7.61 करोड़ पर थम गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट करीब 25 करोड़ रुपये है, ऐसे में शुरुआती कमाई निर्माता-डिस्ट्रिब्यूटर्स के लिए चिंता का विषय बन गई है। कहानी तीन पुराने दोस्तों- अमर, मीत और प्रेम की है, जिनकी शादीशुदा जिंदगी में बोरियत घर कर चुकी है। एक दिन उनका दोस्त कामराज उनकी जिंदगी में नया ट्विस्ट लेकर आता है। अपनी पत्नी से मिले तथाकथित 'लव वीजा' के मिलने की बात सुनकर ये तीनों भी अपनी पत्नियों से इसी तरह की आजादी मांग बैठते हैं। शुरुआत में झगड़े होते हैं, लेकिन धीरे-धीरे पत्नियां मान जाती हैं।*

# यूनिवर्सल स्कूल में हुआ 15वें यूनिवर्सल कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

यूनिवर्सल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में तीन दिवसीय प्रतियोगिता 15वें यूनिवर्सल कप' अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का धूम-धाम से आगाज हुआ।

तीन दिन तक चलने वाली इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा का दमखम दिखाने के लिए हल्द्वानी, भीमताल, रामनगर क्षेत्र के स्कूलों की कुल 89 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कुल 32 मैच खेले गए जिनमें बालक वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी, दून स्कॉलर्स स्कूल, सेंट थेरेसा स्कूल, सरस्वती एकेडमी, यूनिवर्सल स्कूल कालाढूंगी, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, के वी एम स्कूल, जे डी एम स्कूल, सेंट लॉरेंस स्कूल, ए बी एम स्कूल, ए पी एस स्कूल, इंस्पिरेशन स्कूल, एस के एम स्कूल, पी एस एन स्कूल, निमोनीक स्कूल, हिमालया विद्या मंदिर, शिवालिक स्कूल, एसेंट स्कूल, शेमफोर्ड स्कूल, के वी हल्द्वानी, बी एल एम एकेडमी, एवरग्रीन स्कूल की टीमों ने तथा बालिका वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी, शेमफोर्ड स्कूल, गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, नैनी वैली स्कूल, के वी हल्द्वानी, यूनिवर्सल स्कूल कालाढूंगी, दून पब्लिक स्कूल, डी पी एस हल्द्वानी, सेंट थेरेसा स्कूल हल्द्वानी की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले राउंड के लिए प्रवेश कर लिया है। 15 वें 'यूनिवर्सल कप-2025' वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गजराज सिंह बिष्ट महापौर नगर निगम हल्द्वानी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुनील जोशी, प्रधानाचार्या मंजू जोशी, उप प्रधानाचार्य पी डी पलड़िया के सानिध्य में समन्वयक कंचन पंत, एच एस बोरा, मैच रेफरी व सभी टीम कोचों सहित स्कूल के समस्त अध्यापकगण अपनी-अपनी भूमिका में उपस्थित रहे।



## News कॉर्नर

### नैनीताल में वीकेंड पर पर्यटकों से रौनक

**नैनीताल ।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के चलते रविवार को लगातार दूसरे दिन भी पर्यटकों की भीड़-भाड़ से सुबह से लेकर देर शाम तक नगर की माल रोड समेत सभी बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली। इससे पूर्व पर्यटकों ने दिनभर में सुहावने मौसम के बीच नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया। पर्यटकों ने नगर के दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की आवक बढने की वजह से नगर के पर्यटन कारोबार से जुड़े सभी कारोबारी भी दिनभर काफी व्यस्त नजर आए। कुल मिलाकर यह वीकेंड नैनीताल में पर्यटन कारोबारियों के लिए राहत लेकर आया।

### विधायक ने बसंतीपुर में सुभाष चंद बोस की आदम कद कास्य प्रतिमा स्थापित कराई

**रुद्रपुर।** विधानसभा के बसंतीपुर क्षेत्रवासियो की बहुत पुरानी मांग पूरी हो गई। विधायक शिव अरोरा ने बसंतीपुर में आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद बोस की अदामय कद की 6 फूट ऊंची व 7 कुंतल वजनी कास्य प्रतिमा जो पर्यटन विभाग से 24 लाख की धनराशि से स्वीकृत हुई थी, जिसमे प्रतिमा व सौंदर्य करण का कार्य प्रस्तावित था उसकी स्थापना हो गई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि आज संतोष का पल है एक बहुत सुन्दर आकर्षित करने वाली हमारे आजादी के नायक करोड़ों भारतीयों के प्रेरणापूंज नेताजी सुभाष चंद बोस की कास्य प्रतिमा बसंतीपुर में स्थापित की गई। बसंतीपुर क्षेत्र में इसी स्थल पर 23 जनवरी को हर वर्ष बहुत ब? स्तर पर नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती मनाई जाती है इससे पूर्व यहाँ प्रतिमा की स्थापना विधायक ने अपनी मौजूदगी में करवाई।विधायक स्वयं श्रम दान करते हुऐ स्थानीय लोगो के साथ नजर आये।

# प्राथमिक शिक्षक संगठन की बैठक में गुरुजनों की समस्याओं पर गहन मंथन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल कि रविवार को त्रैमासिक बैठक का आयोजन बीआरसी मेहरागांव में संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी की अध्यक्षता में हुआ।



बैठक में वकताओं ने कहा कि उप शिक्षा अधिकारियों के द्वारा उल्लास कार्यक्रम में बिना किसी कारण ही शिक्षकों के वेतन को रोकने के आदेश दिए गए हैं जो सरासर गलत है। कहा कि विकासखंड धारी और ओखलकांडा के औपबंधिक शिक्षकों की सामान्य भविष्य निधि कटौती, गोल्डन कार्ड की कटौती को माह जून से बंद कर दिया गया जिसके बाद वहां के शिक्षकों के द्वारा कई बार पत्राचार खंड शिक्षा अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा को किया गया किंतु नवंबर माह बीत जाने तक भी कोई भी समाधान नहीं निकला जिससे शिक्षकों में गंभीर रोष है। बैठक में कहा गया कि वर्तमान समय में जनपद नैनीताल को 129 शिक्षक दिए जा रहे हैं। संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक के सामने यह मांग रखी कि यह सारे पद पहाड़ के विकास खंडो में ही दिए जाएं क्योंकि पहाड़ के धारी, ओखलकांडा, बेतालघाट, रामगढ़ तथा कोटाबाग का पर्वतीय क्षेत्र या तो शिक्षक विहीन है या एकल शिक्षक है अतः यह सारे शिक्षक की भर्ती वहीं की जाए। संगठन द्वारा आह्वान किया गया की अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संगठन द्वारा 24 नवंबर (आज) को दिल्ली के जंतर मंतर पर टेट की बाध्यता को समाप्त करने तथा 25 नवंबर (मंगलवार) को पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए अधिक से अधिक संखया में दिल्ली पहुंचने का भी आह्वान किया गया। शिक्षक प्रतिनिधियों के द्वारा शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा तमाम तरह के ऑनलाइन जो कार्य किया जा रहे हैं उसमें भी रोष व्यक्त किया गया। शिक्षकों ने बताया कि अधिकतर समय शिक्षकों का इन ऑनलाइन कार्यों में ही भी जाता है साथ ही नवंबर और दिसंबर माह में इतने प्रशिक्षण लगाए जाते हैं की विद्यालय या तो एकल रह जाते हैं या उन में व्यवस्था भी नहीं हो पाती है साथ ही शिक्षक नेताओं द्वारा शिक्षा विभाग के भीतर जो एनजीओ की घुसपैठ है उसे पर भी चिंता व्यक्त की गई क्योंकि इन एनजीओ के द्वारा हमारे विद्यालय के शिक्षकों को बार-बार प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाता है और प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति ही होती है।

बैठक में नैनीताल जिले के सभी विकासखंडों के अध्यक्ष व मंत्री तथा कोषाध्यक्ष समेत जिले की पूरी कार्यकारिणी सहित सभी शिक्षक प्रतिनिधि के साथ ही कोषाध्यक्ष नवीन चंद्र आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन जनपदीय महामंत्री बंशीधर कांडपाल ने किया।

# भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की आदम कद कास्य प्रतिमा स्थापित

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की आदम कद की कास्य प्रतिमा स्थापित करा दी। इस दौरान विधायक ने कहा कि भगत सिंह चौक मुख्य बाजार का दिल कहा जाता है जो अनेको प्रदर्शन कार्यक्रम का दशकों से साक्षी रहा है।



उस भगत सिंह चौक जो काफी जर्जर हाल में था उसका सौंदर्यकरण विधायक निधि से करवाया गया। साथ ही पर्यटन विभाग के माध्यम से विधायक ने एक बहुत सुन्दर आदम कद की कास्य प्रतिमा शहीद भगत सिंह की लगवाने की घोषणा की गई थी, जो भगत सिंह चौक पर विधायक ने 7 कुंटल वजनी 20 लाख की लागत से कास्य प्रतिमा व प्रतिमा स्थल सौंदर्यकरण का कार्य इसमें किया जाना है। साथ ही ऊधम सिंह नगर जिले में पहली कास्य प्रतिमा होगी। ऐसी पहली प्रतिमा भगत सिंह चौक पर स्थापित की गई है जो रुद्रपुर क्षेत्र के लिये गौरव की बात है। मुख्य बाजार में भगत सिंह चौक जो एक नये स्वरूप में नजर आयेगा। प्रतिमा स्थापित की गई है जल्द भव्य व बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। विधायक के भगत सिंह चौक पहुँचने पर विभिन्न समाजिक संगठनों गुरुद्वारा कमेटी, व्यापारी सहित अन्य लोगो ने आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि निश्चित रूप से इस कार्य में समय लगा लेकिन अंत में भगत सिंह चौक शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाने से व शेष कार्य पूर्ण होते ही भव्य नजर आने वाला है। पूर्व में भगत सिंह चौक की हालत जर्जर थी जानवर गंदगी वहाँ नजर आती थी, मगर वर्तमान में भगत सिंह चौक की तस्वीर बदल चूकि है। शिव ने कहा कि विधायक बनने के इच्छा थी भगत सिंह चौक की तस्वीर बदलनी चाहिए और जनता के आशीर्वाद से यह कार्य कर दिखाया है। इस दौरान नरेश ग्रोवर, सरदार सुरमुख सिंह, सरदार मनमोहन सिंह, हरजीत सिंह, केवल बत्रा, हरवंश गुंबर,मोहित बत्रा, मनीष गोस्वामी, रजनीश ग्रोवर, मनोज मदान, पवन गाबा, मयंक कक्कड़, मुकेश पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अपहरण की कहानी फर्जी, किशोरी दोस्त के साथ अलीगढ़ से बरामद

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नगर से रहस्य ढंग से गायब हुई किशोरी ने परिजनों के साथ-साथ पुलिस को भी परेशान किया किशोरी के परिजन तो प्रॉपर्टी के विवाद की बात कहते हुए रिश्तेदारों पर ही किशोरी के अपहरण का शक जाहिर करने लगे, जिसके चलते मामला और अधिक पेचीदा हो गया। इसके बाद पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इमरजेंसी कॉल के आधार पर हल्द्वानी पुलिस ने उसे अलीगढ़ से बरामद कर सीडब्ल्यूसी में पेश किया। कार्उंसलिंग में सामने आया कि किशोरी नाबालिग दोस्त से मिलने अलीगढ़ चली गई थी। अपहरण की कहानी फर्जी थी। किशोरी के कोर्ट में बयान के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र निवासी किशोरी (16) बृहस्पतिवार को अचानक घर से कही चली गई। मां परेशान हो गई। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। किशोरी का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। पुलिस ने इसकी कॉल डिटेल भी निकाल ली। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में इमरजेंसी कॉल आई। यह पुलिस एप के एसओएस बटन (संकट में मदद) दबाने से हुई थी। पुलिस ने किशोरी से कॉल पर बात की तो वह घबराई थी। उन्होंने कहा कि एक सिख युवक ने उसका अपहरण कर लिया है। वह उसके चंगुल से छूट कर भाग गई है, उसकी लोकेशन अलीगढ़ है। कंट्रोल रूम से यह जानकारी हल्द्वानी पुलिस को दी गई। यहां से पुलिस टीम अलीगढ़ पहुंची और किशोरी के बयान लेकर उसे हल्द्वानी में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया। काउंसिलिंग में किशोरी ने पूरी कहानी बताई। पुलिस के मुताबिक किशोरी ने कहा कि इंस्टाग्राम के जरिये उसकी बातचीत अलीगढ़ शहर के एक नाबालिग लड़के से हुई। वह उससे ही मिलने गई थी। अगली सुबह वह डर गई कि घर वालों को क्या जवाब देगी। इसके लिए उसने झूठी कहानी रची। उधर किशोरी के गायब होने पर संपत्ति विवाद में मां ने गायब कराने का शक रिश्तेदार पर जाहिर किया था। बालिका के मिलने के बाद मामले का भी पटाक्षेप हो गया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। नियमानुसार मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ वीडियो बना वायरल करना युवक को पड़ गया भारी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

जनपद की कोतवाली किच्छा क्षेत्र में एक युवक को अवैध हथियार के साथ वीडियो वायरल करना भारी पड़ गया। पुलिस ने युवक को अवैध पिस्टल हथियार और 10 कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया।

वायरल वीडियो को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने भी गंभीरता से लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही। पुलिस के मुताबिक 22 नवंबर 2025 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक युवक पिस्टल व जिंदा कारतूस दिखाते हुए लोगों को भयभीत करता हुआ नजर आया।

एसएसपी की गंभीरता के बाद कोतवाली किच्छा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वीडियो पोस्ट करने वाले अभियुक्त राजकुमार पुत्र हंसराज निवासी गीतांजलि विहार कॉलोनी थाना किच्छा को इंट्राक तिराहा लालपुर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।



# कुविवि अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन(महिला/पुरुष) प्रतियोगिता आयोजित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय दो दिवसीय बैडमिंटन (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता में प्रो. महेंद्र सिंह राणा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

बता दें प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी रविवार को महिला एवं पुरुष वर्ग के इंडिविजुअल मैचों का आयोजन किया गया जिसमें आयोजक सचिव डॉ. राजेश कुमार द्वारा बताया गया कि इंडिविजुअल मैचों में महिला वर्ग में नैनीताल की आस्था बोरा प्रथम तथा काशीपुर की वानि पाठक दूसरे तथा हल्द्वानी की आशिका जोशी तीसरे तथा नैनीताल की सुपर्णा दत्ता चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष वर्ग के इंडिविजुअल मैचों में यासीन नैनीताल प्रथम, दीपक सिंह कोश्यारी रुद्रपुर दूसरे,प्रदीप कुमार नैनीताल तीसरे तथा सुजल कुमार रुद्रपुर चौथे तथा शिखर काशीपुर पांचवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल, राजकीय महाविद्यालय हल्दुचौड़, राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर, राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय महाविद्यालय खटीमा, राजकीय महाविद्यालय रामनगर, राजकीय महाविद्यालय काशीपुर एवं राजकीय महाविद्यालय बाजपुर समेत कुल 8-8 टीमों के खिलाड़ियों ने महिला/पुरुष वर्ग में प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग में प्रतियोगिता का फ इनल मैच नैनीताल तथा रुद्रपुर के मध्य खेला गया जिसमें सीधे सेटों में रुद्रपुर 3-0 से विजेता रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में भूपेश दुमका,अमन नवयाल, गोविंद परिहार व राज एवं सक्षम रहे। समापन सत्र के अवसर पर प्रतियोगिता के मुखय अतिथि के रूप में अध्यक्ष कैनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड पुष्कर राज जैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी रहे। प्राचार्य सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रो. अवधेश नारायण सिंह, अध्यक्ष जिला ओलंपिक एसोसिएशन उधम सिंह नगर डॉ.नागेंद्र प्रसाद शर्मा तथा क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डॉ. संतोष कुमार द्वारा विजेता टीम रुद्रपुर तथा उपविजेता टीम नैनीताल के खिलाड़ियों को पदक एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर ललित बिष्ट,लोकेश पांडे, योगेश पांडे, छात्र संघ अध्यक्ष रजत बिष्ट तथा छात्र संघ उपाध्यक्ष चेतन भट्ट आदि उपस्थित रहे।




## पेज एक का शेष

### सरदार वल्लभभाई पटेल की...

...मनमोहन सक्सेना ने किया। एकता पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा से शुरु होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भाजपा नेता संजीव खन्ना के प्रतिष्ठान स्वागत किया। इसके बाद यात्रा गुरुद्वारा गेट पहुंची जहां सभासद संदीप अरोरा एवं केतन कालरा के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पदयात्रा मुख्य बाजार पहुंची जहां देवभूमि व्यपार मंडल अध्यक्ष विजय अरोरा के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया। क्रय विक्रय चेयरमैन मूलचंद राठोर के नेतृत्व में एकता यात्रा का स्वागत किया।बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता के नेतृत्व में लोगों ने स्वागत किया।यात्रा का समापन किच्छा चीनी मिल प्रांगण में हुआ जहां शहर की राइस मिल एसोसिएशन की अध्यक्ष चिंपू यादव के नेतृत्व में राइस मिल एसोसिएशन ने का स्वागत किया।
यात्रा में राजेश तिवारी, आशीश ढ़ाढा, विरेंद्र यादव,जितेंद्र गौतम, नितिन फुटेला, शेर सिंह, डॉ सावन सिंह, खेमकरण कश्यप, इफ्तिखार मियां, रामस्वरुप, दक्षिणी किच्छा सहकारी समिति अध्यक्ष मंजू रावत, नारायणपुर सोसाइटी अध्यक्ष नरेंद्र ठुकराल, मधुलेश तिवारी, कृष्ण कान्हा तिवारी, लल्लन शाही,नारायण पाठक, जसमीत कक्कड़, सहकारी समिति पूर्वी रुद्रपुर अध्यक्ष जसवीर सिंह,धीरज सिंह, अंकित तिवारी, दीपक तिवारी, मधु गुप्ता, विजय तोमर, टीकम सिंह कोरंगा, अमरीक मंड, सचिन बाल्मीकि,प्रमोद गुप्ता, रविकांत वर्मा, सतीश गुप्ता आदि शामिल रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा सटोरिया

**हल्द्वानी।** चोरगलिया पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद हुई है। गश्त के दौरान चोरगलिया थाना पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि रहमान मेडिकल के पास गली में एक जगह पर्दे के पीछे बने बरामदे में एक व्यक्ति सट्टे की खाईदूबाड़ी कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर इरफान अहमद पुत्र इकबाल अहमद, निवासी मोहम्मदी मस्जिद से अगली गली, इन्द्रानगर बनभूलपुरा को रंगे हाथ धर दबोचा।